तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री


हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार, 10 नवंबर 2024


11 घर के केवल एक नल का लीकेज रोककर ...



12 भाजपा ने बनाए 9 हजार से ज्यादा सदस्य : पवन





## खबर संक्षेप

### सलौनी में तीन दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा आज से

**अंडा।** इगल इलेवन क्रिकेट क्लब एवं समस्त तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम सलौनी जिला बालोद में 10 नवंबर से किया जा रहा है। उद्घाटन आज गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह के मुख्यआतिथ्य में होगा, अध्यक्षता जनपद सदस्य अनिल सोनी करेंगे। समापन समारोह 12 नवंबर को होगा।

### तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले दो युवक एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड-34 शिवपारा सात इमली पेड़ दुर्ग के पास रहने वाले दुलारी बाई ढीमर, गणेश उर्फ गन्नू ढीमर, निशात उर्फ आर्यन उर्फ चिटरा यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 2.208 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है।

### सियान सदन में लगा कैंप

**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक गणों के लिए पेंशन प्राप्ति हेतु प्रति वर्ष जीवन प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। जिसे बनवाने के लिए बुजुर्गों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त संदर्भ में संवेदनशीलता दिखाते हुए दुर्ग सासंद विजय बघेल ने भिलाई के विभिन्न वार्ड में केम्प लगाने हेतु निदेशित किया। जिसके तहत वार्ड 7 राधिका नगर के सियान सदन में केम्प का आयोजन किया। जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिला। केम्प का अवलोकन पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने किया । वरिष्ठ नागरिक मंच भिलाई के महासचिव गजानंद साहू भी उपस्थित थे। बहुत जल्द भिलाई के सभी वार्ड में जीवन प्रमाण पत्र बनाने हेतु केम्प आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बलवीर सहगल, फुल माली, जवाहर साहू सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

### छठ पर्व समापन के बाद सफाई अभियान

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बड़े श्रद्धा एवं भक्ति के साथ छठ पर्व मनाया गया। त्योहार के पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा सभी तालाबो की साफ-सफाई, रंगरोगन के साथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर किया गया था। सभी जगहो पर नगर निगम की सुरक्षा टीम मुस्तैद रही, जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना न होने पाये। श्रद्धालुओं को समझाते भी रहे कि ज्यादा गहरे पानी के अंदर न जाये, जहां तक बेरीकेट लगा हुआ है। त्योहार के पश्चात नगर निगम भिलाई का स्वास्थ्य विभाग का दल जोन अनुसार फिर से सफाई व्यवस्था हेतु लग गये।

**धान खरीदी :** उपार्जन केन्द्रों की साफ-सफाई के साथ धान रखने तैयार किया जा रहा चबूतरा

# समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 से, तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में धान कटाई व मिजाई का कार्य जोरों पर है। प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी 14 नवंबर से की जाएगी जबकि पिछले वर्ष 1 नवंबर से धान खरीदी की गई थी। इसके कारण किसान धान कटाई के बाद ही तत्काल धान को उपार्जन केन्द्रों में बेच पाए थे, लेकिन इस वर्ष 15 दिन बाद धान खरीदी शुरू होने से धान खेत खलिहानों में पड़ा हुआ है। जबकि इस वर्ष हरुना किस्म के धान दशहरा पर्व के दौरान ही पक कर तैयार हो गए थे।

हालांकि प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों की साफ सफाई के साथ धान को सुरक्षित रखने के धान भूसा बोरियों में भरकर स्टेक बनाने का काम जोरों पर है। वहीं उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना पहुंचाने का काम भी जोरों पर है, जिससे किसानों को धान बेचने के दौरान कोई भी असुविधा न हो और धान खरीदी का कार्य आसानी से सम्पन्न हो सके। वहीं, उपार्जन केन्द्रों में लाइट, समतलीकरण, सुरक्षा घेरा बनाने का कार्य जोरों पर है।

किसान पंचराम सिंग्रामे ने बताया कि प्रशासन द्वारा इस वर्ष 15 दिन देर से धान की खरीदी की जा रही है, जिसके कारण धान को सुरक्षित रखने के लिए जगह की समस्या बनी हुई है। यदि प्रशासन द्वारा धान की खरीदी एक नवंबर से की गई होती तो अब तक अधिकांश किसान अपना हरुना किस्म का धान को बेच चुके होते।





## धान की कटाई-मिजाई के बाद सुरक्षा में जुटे किसान

बालोद। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होगी। एक ओर जहां धान खरीदी को लेकर प्रशासन व्यवस्था जुटाने में लगे हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर किसान अपनी फसल की कटाई व मिंजाई के बाद उसे उपार्जन केंद्रों में बेचने की पूरी तैयारी कर ली है। वहीं, धान की चोरी न हो इसके लिए दिन-रात चौकीदारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को किसान ऑफलाइन और ऑनलाइन टोकन लेंगे और पहले दिन अपना धान शासन को बेचेंगे।

- चोरी और मौसम की मार से बचाने दिन-रात की जा रही चौकीदारी

इस बार धान खरीदी दो सप्ताह देरी से शुरू हो रही है। विलंब से खरीदी आरंभ होने से किसान परेशान हैं। अधिकांश क्षेत्र में दीपावली पर्व से पहले धान कटाई प्रारंभ हो गई है। दीपावली त्यौहार के बाद धान कटाई युद्ध स्तर पर चल रही है। धान कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे है, जिसके चलते किसानों द्वारा हार्वेस्टर और अन्य मशीनों के माध्यम से धान कटाई किया जा रहा है। किसान धान कटाई और मिंजाई के बाद उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों के पास धान को सुरक्षित रखने जगह नहीं होने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल को खेत में ही काट कर छोड़ा नहीं जा सकता। क्योंकि मौसम परिवर्तन होने या खेत से धान चोरी होने के डर से किसान वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। किसान धान की कटाई कर मिंजाई कर रहे हैं। पर उन्हें धान को सुरक्षित रखने की बड़ी समस्या से गुजरना पड़ रहा है।



### हाथियों का भी खतरा

क्षेत्र के किसानों के सामने धान खरीदी शुरू होने तक धान की निगरानी किसी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि वनांचल क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है, यहां कभी भी हाथी पहुंच सकते हैं तो वहीं कई इलाकों में चोरों के उत्पात से लोग हलाकान हैं। क्योंकि चोरों द्वारा सिर्फ सोने-चांदी या रुपये ही नहीं बल्कि, धान, बर्तन, कपड़े या अन्य घरेलू सामान जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान होता है, ऐसे सामान की भी चोरी कर रहे हैं। किसान चोरों के अलावा मौसम परिवर्तन से भी डर रहें हैं और चौबीसों घंटे अपनी मेहनत से उगाई धान के फसल को सुरक्षित रखने हर तरह के प्रयास कर रहे हैं।

# अश्लील वीडियो भेजकर किया ब्लेकमेल, वसूले 3.5 लाख

**55 वर्षीय व्यक्ति को अनजान वीडियो कॉल पर युवती से बात करना पड़ा महंगा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

55 वर्षीय व्यक्ति को अनजान वीडियो कॉल में एक युवती के साथ बात करना महंगा पड़ गया। युवती से वीडियो कॉल में अर्धनग्न होकर बात करने के दो दिन बाद ठग गिरोह ने 3 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली। मामले की रिपोर्ट प्रार्थी ने पुरुर थाना में दर्ज कराई है। वहीं, मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

दरअसल एक युवती ने अज्ञात नम्बर से वीडियो कॉल करके पहले तो अपने कपड़े उतार दिए उसके बाद प्रार्थी को भी कपड़े उतारने कहा, जिस पर वह राजी हो गया और अपना कपड़ा उतार दिया। इस दौरान युवती ने मोबाइल में चल रहे वीडियो कॉल का स्क्रीनशॉट लिया। उसके बाद दो अलग-अलग नम्बर से प्रार्थी को फोन के माध्यम से दिल्ली पुलिस और यूटूबर होने का हवाला देकर अलग-अलग किस्तों में 3 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर लिए। इस मामले में पुरुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 66(डी) आईएनएफ, 3(5), 308(2), 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### साइबर ठगी की तरह है मामला

एएसपी अशोक जोशी ने बताया कि अज्ञात युवती अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल करती है और 55 साल के व्यक्ति के सामने कपड़े उतार कर उस व्यक्ति को भी कपड़े उतारने दबाव बनाती है। इस दौरान उस युवती के झांसे में आकर यह व्यक्ति अपने कपड़े उतार देता है। युवती स्क्रीनशॉट लेकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देते हैं। जानकारी के अनुसार पहले तो एक आरोपी अपने आप को दिल्ली पुलिस बताकर प्रार्थी से रुपये लेता है, उसके बाद एक व्यक्ति यूटूबर बताकर रुपये लेता है। तीन किस्तों में 3 लाख 50 हजार रुपए प्रार्थी से लिया जाता है।

### ऐसे मामले से बचें, पुलिस की लें मदद : एएसपी जोशी


मामला सामने आने के बाद एएसपी अशोक जोशी ने कहा कि सबसे पहले तो यह ध्यान रखें कि कोई भी अनजान वीडियो कॉल में इन्वॉल्व न हो, क्योंकि वीडियो कॉल में सामने वाला कोई भी व्यक्ति स्क्रीनशॉट लेकर इसी तरह से झांसे में ले सकता है। कोई भी व्यक्ति अगर इस तरह के झांसे में फंस जाते हैं तो तत्काल पुलिस की मदद लें। एएसपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाई जा रही है, लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फर्जी दस्तावेज के माध्यम से ऋण वितरण, कलेक्टर से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम कुरदी निवासी ढालचंद देवांगन ने सेवा सहकारी समिति पिरिद कुरदी में वर्ष 2017-18 में 77,11,840 रूपए का फर्जी ऋण साख सीमा तैयार कर ऋण वितरण किये जाने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सेवा सहकारी समिति पिरिद कुरदी के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में अध्यक्ष व प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक द्वारा 43 लघु कृषक को 2772620 रूपए एवं 8 सीमांत कृषक सदस्यों को 4939220 रूपये इस प्रकार कुल 51 सदस्यों को 7711840 रूपये को कार्यवाही पंजी में प्रबंधकारिणी की कमेटी में बिना प्रस्तुत किये 51 सदस्यों को ऋण वितरण किया गया है। जबकि प्रबंधनकारिणी की बैठक में संस्था की ऋण सीमा की राशि वितरण सहित पारित कराकर स्वीकृति के लिए शाखा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग को भेजा जाता है, जो कि समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक की कीर्य शैली पर संदेह प्रकट करता है, इसमें से 1 कृषक सदस्य का 3 एकड़ जमीन नहीं है उसे 19 एकड़ 25 डिसमिल का और दूसरा का ग्राम कुरदी में जमीन 0.70 डिसमिल है उसे 5 एकड़ 25 डिसमिल का ऋण वितरण किया गया है। आवेदक ने दोनों किसानों के नाम सहित शिकायत पत्र में जानकारी दी है।



- सेवा सहकारी समिति पिरिद कुरदी का मामला

ढालचंद देवांगन ने कहा कि उपरोक्त साख सीमा कमेटी के प्रस्ताव बिना ब्रांच एवं हेड हॉफिस में स्वीकृत नहीं होता है, जो कि बिना प्रस्ताव के ऋण साख सीमा स्वीकृत कैसे हो गया एवं ऋण वितरण भी हो गया। उपरोक्त विषय को 13 जुलाई 2023 को आमसभा के माध्यम से आवेदन पूछने पर प्रबंधक एवं अध्यक्ष द्वारा हम लोग नहीं जानते कहकर आवेदन वापस कर दिया। इसलिए इस विषय पर अतिरिक्त जांच कराई जाए।

**शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में हुआ कार्यक्रम**

# जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत के तहत हुईं विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के विषय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, छग राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग जीआर.राना थे, उन्होंने जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत के विषय में व्याख्यान दिए, जिसमें आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों में वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, गुण्डाधूर आदि के महत्वपूर्ण योगदानों का वर्णन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेन्द्र कुमार राय ने आदिवासी समाज के प्रति युवाओं से सोच बदलने का आग्रह किया। जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी यादव ने आदिवासी समाज के गौरवगाथा को आत्मसात करने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम मे पहुंचे जिला संयोजक कृष्णा साहू, जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम एवं सचिव, वनवासी विकास समिति ने बताया कि भारत के आदिवासी समाज के गौरव के लिए 15 नवम्बर 2024 से 15 नवम्बर 2025 तक गौरवगाथा मनाया जा रहा है। इन्होंने भारत के इतिहास में जनजातीय नायकों के प्रति हुए उपेक्षा को प्रमुखता से उठाया और पहला स्वतंत्रता सेनानी 1880 में शहीद हुए तिलका मांझी को बताया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने जनजातीय समाज से प्रकृति से जुड़ाव एवं संरक्षण के तरीकों को युवा पीढ़ी को सीखने का संदेश दिया। जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत के अंतर्गत महाविद्यालय में रंगोली, भाषण, निबंध इत्यादि विधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी प्रबंधन समिति के ▶▶ शेष पेज 10 पर


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** रेसिडेंट कॉपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार रायपुर के सदस्य हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर कुंदन कुमार को कॉलोनी की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देने पहुंचे। सदस्यों ने बताया कि परिसर का बाउंड्रीवॉल अधूरा है, कमर्शियल कांप्लेक्स नहीं बनाया गया है, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है, क्लब हाउस की सुविधा अब तक नहीं मिली, सेंट्रल गार्डन बारिश में पानी में डूब जाता है। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हैं। आयुक्त ने गंभीरता से उनकी समस्याएं सुनीं और एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीराम चौधरी, सचिव योगेश अग्रवाल, प्रवक्ता मुकेश मिश्रा, सदस्य देवेंद्र सिंह, आशुतोष दुबे, रामगोपाल वशिष्ठ, सीबीएल साहू, अमीरा राणा, टी. खलखो, स्निग्धा महापात्र, आरती दुबे शामिल थे।

### यशस्वी को रविवि से पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** सेंट विंसेज पैलोटी कॉलेज कापा रायपुर के शिक्षा विभाग में बतौर प्राध्यापक कार्यरत



यशस्वी लोणकर को रविवि ने शिक्षा विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का शीर्षक इफेक्ट ऑफ प्लांड इंटरवेंशन प्रोग्राम ऑन ट्रांसफोबिया ऑफ हाईस्कूल स्टूडेंट्स रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य कल्याण कॉलेज भिलाई की पूर्व उपप्राचार्य डॉ. पुष्पलता शर्मा के निर्देशन में किया।

### कोल ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े 17 लाख की ठगी

**रायपुर।** गंज थाने में एक व्यक्ति ने कोल ट्रेडिंग के नाम पर तीन लोगों के खिलाफ 17 लाख 53 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजेश सिंह की शिकायत पर संजय, शशांक तथा संध्या पाण्डेय के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। बृजेश ने पुलिस को बताया कि तीनों ने वर्ष 2021 में कोल ट्रेडिंग के नाम पर फर्म तैयार कर उससे कोल आपूर्ति करने कैश दो लाख रुपए तथा 14 लाख 90 हजार रुपए ऑनलाइन रकम ट्रांसफर कराई। रकम देने के बाद आरोपियों ने बृजेश सिंह को कोल आपूर्ति नहीं की।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**रायपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने जागरूकता रथ एवं नाटक के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है।

## पेज 9 का शेष...

### जनजातीय समाज...

सदस्य ठाकुर राम चन्द्राकर, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, थानसिंह मण्डावी, रमेश सोनी, युवराज मारकण्डेय भी शामिल हुए, कार्यक्रम का संचालन डॉ.केडी.चावले ने एवं प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम के संयोजक डीएस.सहारे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों एवं अतिथि प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# चपटी नाक और झुके हुए कान, दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे को डाक्टरों ने दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

चपटी नाक और झुके हुए कान की वजह से सामान्य बच्चों से अलग दिखने वाले मासूम का इलाज कर एम्स के डाक्टरों ने राहत दिलाई है। यूपी में रहने वाले माता-पिता उसे शिशु रोग विभाग में लेकर आए थे। जांच के दौरान उसे वुल्फ-हिर्शहॉर्न सिंड्रोम नामक आनुवांशिक विकार से पीड़ित पाया गया था। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी काफी दुर्लभ होती है और पचास हजार में एक बच्चा इससे पीड़ित होता है। सामान्यतः इस बीमारी की वजह से बच्चे का जन्म के पहले मस्तिष्क अथवा अन्य अंगों का विकास नहीं हो पाता। पीड़ित सामान्य बच्चों की तुलना में अलग दिखता है, जिसकी वजह से कई बार वह उपेक्षा का शिकार भी हो जाता है। शिशु रोग विभाग में

## इलाज के लिए एम्स के शिशुरोग विभाग में लेकर आए थे माता-पिता



### वायरोलॉजी लैब का भूमिपूजन

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जैव-सुरक्षा स्तर-3 वायरोलॉजी लैब के भूमिपूजन के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस लैब को आईसीएमआर द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने किया। यह लैब माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संचालित होगी और उन्नत वायरस अनुसंधान में सहयोग करेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने एंटीवायरल दवाओं के विकास में इसकी क्षमता को रेखांकित किया, वहीं लैब इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. संजय नेगी ने सुरक्षित वातावरण में वायरस अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। यह लैब वायरल खतरों से निपटने की क्षमता को और मजबूत बनाने में मददगार साबित होगी।

आए पीड़ित बच्चे की जांच के बाद इस बीमारी का पता चला। इसके साथ ही वह हृदय संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित था। शिशु रोग विशेषज्ञ डा. तुषार बी. जगतापे और साइटोजेनेटिक्स लैब की प्रोफेसर डॉ. मनीषा बी. सिन्हा की कोशिशों के बाद मरीज को राहत मिली। बाल रोग विभाग की डॉ. तृप्ति सिंह ने बताया कि इस बीमारी का इलाज मरीज की समस्याओं से संबंधित लक्षण के आधार पर किया जाता है। साइटोजेनेटिक्स लैब में अब तक 140 मरीजों का परीक्षण किया गया है। वहां की रिपोर्ट के आधार पर डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम और बैलेंस्ड ट्रांसलोकेशन्स सहित विभिन्न तरह की जन्मजात बीमारियों का इलाज किया गया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. रेनू राजगुरु ने बताया कि एआईआईएमएस रायपुर में साइटोजेनेटिक्स लैब विशेष सेवाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जो आनुवांशिक और गुणसूत्रीय विकारों के निदान और उपचार में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाती है।

## व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को बना दिया गोदाम निगम ने किया सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत रवि नगर में निर्मित व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को गोडाउन बनाकर उपयोग किया जा रहा था। इस मामले में निगम ने गोडाउन को सीलबंद करने की कार्रवाई करते हुए भवन मालिक को नोटिस जारी किया है। दरअसल शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा इस क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान कैलाश टॉवर व्यावसायिक परिसर में पार्किंग की जगह पर गोडाउन बना देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को गोडाउन को तत्काल सीलबंद करने के निर्देश दिए, साथ ही भवन मालिक को नोटिस जारी करने कहा।

### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी शहर का निरीक्षण करें और देखें कि इस तरह से अन्य किसी व्यावसायिक परिसर में पार्किंग स्थल का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। अगर कहीं हो रहा है तो उस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीते साल से 25 फीसदी तक फसल खराब इसलिए कीमत ज्यादा

# बंगाल से 29 रुपए में आ रहा है आलू, थोक में 30, चिल्हर में 40 से 45 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आलू की कीमत में लंबे समय से आग लगी हुई है। इसके पीछे का कारण बंगाल से आलू की आवक पर रोक रही। अब वहां से आवक पर रोक हटी गई है, पर कीमत कम नहीं हो रही है। हरिभूमि ने बंगाल के कुछ कारोबारियों से बात की, तो मालूम हुआ कि फसल कम होने के कारण इस बार कीमत ज्यादा है। बंगाल से रायपुर आलू 29 रुपए में आ रहा है। थोक कारोबारी तो महज एक रुपए का मुनाफा लेकर इसे 30 रुपए किलो के हिसाब से बेच रहे हैं, लेकिन चिल्हर का कोई माईबाप नहीं है। यह शहर में 40 से 45 रुपए में बिक रहा है। आलू की कीमत आमतौर पर चिल्हर में 20 रुपए के आस-पास रहती है। लेकिन बीते चार माह से इसकी कीमत 40 रुपए के पार है। पहले कीमत ज्यादा होने का कारण यह रहा कि बंगाल सरकार ने बंगाल से बाहर दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर रोक लगा दी थी। ऐसे में बंगाल से आलू आ रहा था, लेकिन यह चोरी-छुपे आने के कारण ज्यादा कीमत पर आ रहा है, लेकिन अब रोक हटने के बाद भी कीमत कम नहीं हो रही है।



### बंगाल में कीमत 27 रुपए

छत्तीसगढ़ में बंगाल के साथ उप्र से आलू आता है। रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग में बंगाल का आलू पसंद किया जाता है। यहां पर बंगाल से ही आलू आता है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र का गोला और पहाड़ी आलू पसंद किया जाता है। बंगाल से आने वाला आलू इस समय वहां से रायपुर आकर 29 रुपए किलो पड़ रहा है। बंगाल के कुछ थोक कारोबारियों से हरिभूमि ने बात की, तो उन्होंने बताया, इस समय बंगाल में बीते साल से 25 फीसदी कम होने के कारण कीमत इस समय 27 रुपए किलो है। छत्तीसगढ़ के रायपुर तक दो रुपए किलो भाड़ा लगता है।

### चिल्हर में भारी मुनाफाखोरी

बंगाल ने यहां पर भनपुरी की थोक मंडी में आने वाला 29 रुपए का आलू कारोबारी 30 रुपए के हिसाब से तीन हजार रुपए क्विंटल बेच रहे हैं। 40 किलो की बोरी 12 सौ में बेची जा रही है। लेकिन चिल्हर कारोबारी इसको 40 से 45 रुपए में बेच रहे हैं। शास्त्री बाजार सहित कुछ बड़ी सब्जी मंडी में आलू 40 रुपए में मिल रहा है, लेकिन छोटी सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में यह 45 रुपए किलो में बिक रहा है। चिल्हर कारोबारी कहते हैं, हम भनपुरी जाकर तो एक बोरी नहीं ला सकते हैं। इसलिए आस-पास के थोक कारोबारियों से लेते हैं। वहां से हमको 34 से 35 रुपए में आलू मिलता है। एक बोरी में तीन से पांच किलो आलू खराब भी निकल जाता है। ऐसे में इसको 40 रुपए में बेचना संभव नहीं होता है।

### फसल खराब हुई

बंगाल में इस समय आलू की कीमत 27 रुपए है। फसल खराब होने से कम फसल होने के कारण कीमत ज्यादा है।

**- सीबू प्रसाद दत्ता**
थोक कारोबारी, कोलकाता, बंगाल

## कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मकान कब्जा करने की बात को लेकर मारपीट, घर में बेजा प्रवेश कर तोड़फोड़ करने के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट भारती कुलदीप के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने कारोबारी परिवार के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 34, 427, 448 तथा 451 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिविल लाइंस स्थित कटेला भवन निवासी प्रशांत कटेला की शिकायत पर पुलिस ने टैगोर नगर निवासी मुकेश भंसाली के साथ जयंती, राजेंद्र, संजय, गौरव, सिद्धार्थ, अंकित, सौरभ तथा छोटू भंसाली के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रशांत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष 31 मई को मुकेश तथा उसके परिवार के सदस्य लाठी-डंडे से लैस गुंडे लेकर उसके घर पहुंचे थे और घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही लोगों के साथ मारपीट करते हुए जगह खाली करने के लिए कहा।

- प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने अपराध दर्ज किया

### कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में फरियाद

घटना के बाद प्रशांत ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने सीएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों को पत्र लिखा। बावजूद इसके किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। साक्ष्य के रूप में प्रशांत ने मोबाइल से बनाया वीडियो कोर्ट के सामने पेश किया।

## 11 एएसपी और 25 डीएसपी का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग ने 11 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के साथ ही 25 डीएसपी स्तर के पुलिस अफसरों का शुक्रवार को तबादला आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया गया है, उनमें उन पुलिस अफसरों के नाम भी शामिल हैं, जो पिछले दिनों डीएसपी से एएसपी के पद पर प्रमोट हुए हैं।




राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक जिन 11 अतिरिक्त पुलिस अधिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें मेघा टेंभुरकर का पुलिस मुख्यालय से दुर्ग अमलेश्वर, उमेश कश्यप बिलासपुर से जांजगीर चांपा, शैलेंद्र कुमार पांण्डेय बलरामपुर से धमतरी, गरिमा द्विवेदी बीजापुर से गरियाबंद, मोनिका ठाकुर कोरिया से बालोद, रिचा मिश्रा दुर्ग से ट्रैफिक एएसपी दुर्ग, राजेंद्र जायसवाल जांजगीर चांपा से बिलासपुर, निमिषा पांण्डेय बगीचा से सारंगढ़, यूलैंडन यार्क बागबाहरा से बीजापुर, उदयन बिहार डीएसपी बिलासपुर से एएसपी बिलासपुर, दिनेश कुमार सिन्हा बीजापुर से कांकेर।

### इन उप पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर

जितेंद्र खुंटे बलरामपुर से चांपा, रागिनी मिश्रा धमतरी से कुरुद, इरफान हसन काजी बिजापुर से चंद्रखुरी, अकीक खोखर बीजापुर से महासमुंद, ललिता मेहर रायपुर से महासमुंद, रमेश चंद्र रायगढ़ से खैरागढ़ छुही खदान गंडई, मंजू लता बाज महासमुंद से जशपुर, मिलिंद पांण्डेय महासमुंद से बागबाहरा, दिलीप कोसले बस्तर से जशपुर, अरुण नेताम सूरजपुर से कोंडागांव, मयंक तिवारी मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी से मुंगेली, सतीश ठाकुर दुर्ग से नया रायपुर, रश्मित कौर चावला बिलासपुर से मुख्यालय बिलासपुर, कविता ठाकुर कोरिया से जांजगीर चांपा, सुमित गुप्ता सुकमा से शक्ति, शिवचरण सिंह परिहार बिलासपुर से ट्रैफिक बिलासपुर, आकर्षि कश्यप राजनांदगांव से दुर्ग, अखिलेश कौशिक रायगढ़ से कबीरधाम, मोनिका सिंह परिहार कबीरधाम से सहायक सेनानी कबीरधाम, संजय तिवारी कबीरधाम से सकरी बिलासपुर, अमरनाथ सिदार कांकेर से गृह मंत्री सुरक्षा, निमितेश सिंह बिलासपुर से कबीरधाम, आशीष शुक्ला रायपुर से कबीरधाम, सतीश धुर्वे कबीरधाम से दुर्ग, साधना सिंह मुंगेली से रायगढ़।

## प्रत्याशियों में किसी को सिलेंडर-गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा व रूम कूलर मिला चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह के रूप में कई निर्दलीय सहित राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को घरेलू वस्तुओं के साथ आवश्यक उपकरण के चित्र आबंटित किए गए हैं। इनमें किसी को गैस सिलेंडर, किसी को गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा एवं रूम कूलर का चिन्ह मिला है। इसके अलावा बाल्टी, कांच का गिलास, प्रेशर कुकर, एयरकंडीशनर, लैपटाप आदि जैसे चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं।

13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह नामांकन वापसी के बाद ही आबंटित कर दिया गया था। उपचुनाव में इस बार कुल 30 प्रत्याशी खड़े हुए हैं। इनमें भाजपा-कांग्रेस के अलावा 10 विभिन्न राजनीतिक दलों के तथा 18 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त पार्टी में भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पहले से तय हैं। वहीं पंजीकृति राजनीतिक दलों के 10 प्रत्याशियों में राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म, सर्वआदि दल को एयरकंडीशनर, राइट टू रिकॉल पार्टी को प्रेशर कूकर, धू सेना को अंगूठी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी को कलम की निब सात किरणों के साथ, हमर राज पार्टी को बाल्टी, सुंदरसमाज पार्टी को कांच का गिलास, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी को गन्ना किसान, शक्ति सेना को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह मिला है।

### निर्दलियों को ये चिन्ह आवंटित

इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशियों को गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बांसूरी, फव्वारा, हीरा, नागरिक, लिफाफा, ट्रक, बैटरी टार्च, लैपटॉप, ऑटो रिक्शा, दूरबीन, सीसीटीवी कैमरा, हाण्डी, रूम कूलर, तरबूज, स्टाम्प्स, पानी का जहाज एवं शतरंत बोर्ड चुनाव चिन्ह मिला है।

## अवैध दुकानों पर निगम सख्त, महादेवघाट से 10 एवं अमलीडीह रोड से एक हटाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के बाद नगर निगम प्रशासन ने अब निजी एवं शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर संचालित करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शहर के महादेव घाट के पास निजी भूमि पर अवैध रूप से दस दुकानों का निर्माण किया गया था, वहीं अमलीडीह मुख्य मार्ग पर शासकीय भूमि पर एक कबाड़ी की दुकान खुल चुकी थी। निगम की टीम ने शुक्रवार को इन सभी अवैध दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

### 3 नोटिस के बाद तोड़ी गई दुकानें

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि महादेव घाट के नजदीक एक व्यक्ति ने अपनी 6420 वर्गफीट निजी भूमि पर 10 दुकानों का निर्माण निगम की अनुमति बिना कराया है। निगम ने इस संबंध में दुकान मालिक को निवेश विभाग से 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी दुकानदार ने न ही दुकानों को वैध कराने के लिए कोई प्रक्रिया का पालन किया और न ही दुकानों को स्वतः हटाने की कार्रवाई की। टीम ने इस मामले में अब नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।



### *शासकीय भूमि पर संचालित की जा रही थी कबाड़ी की दुकान*

*इसी प्रकार अमलीडीह मुख्य मार्ग पर भी एक कबाड़ी कारोबारी ने शासकीय भूमि पर जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से वहां कबाड़ी की दुकान खोलकर ली थी। यह दुकान पिछले कई महीनों से संचालित थी। जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि शासकीय भूमि पर कबाड़ी की दुकान संचालित करने की जानकारी मिलते ही इस दुकान को तत्काल हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर डेयरी का भी संचालन किया जा रहा है। इस डेयरी का 25 प्रतिशत भाग शासकीय भूमि पर संचालित है। इसे देखते हुए संचालक को नोटिस जारी कर 20 दिन के भीतर डेयरी स्वयं से हटाने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा में संचालक द्वारा डेयरी नहीं हटाने पर निगम की टीम इसे भी तोड़कर हटाने की कार्रवाई करेगी।*

## बैज बोले- जीएसटी दस्तावेज जांच के नाम पर सरकार व्यापारियों को कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जीएसटी दस्तावेज की जांच के नाम पर भाजपा सरकार व्यापारियों का भयादोहन कर रही है। 1.50 करोड़ से ज्यादा से टर्न ओवर वाले व्यापारियों के दस्तावेजों की जांच भाजपा सरकार का व्यापारी विरोधी रवैया है। भाजपा सरकार व्यापारियों को टैक्स चोर समझ रही है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान कर रही है। यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। भाजपा सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों के दिए जाने वाले टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है, उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है।

श्री बैज ने कहा, लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे डलवाए हैं। पहले सरकार द्वारा उनको परेशान करने ईवे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया था। अब व्यापारियों की दस्तावेजों की जांच कर रही है। पंजीयन के समय सभी दस्तावेज जांच कर पंजीयन कराया गया था फिर नए पंजीयन क्यों। कांग्रेस, सरकार के इस कदम का विरोध करती है। यह सरकार व्यापारी विरोधी सरकार है।



### भाजपा सरकार व्यापारी विरोधी

श्री बैज ने कहा, भाजपा की सरकार लगातार व्यापारी विरोधी निर्णय ले रही है। जमीनों के फ्री-होल्ड को बंद कर दिया, गाईड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया, जीएसटी की जांच के नाम पर छापेमारी कर व्यापारियों को परेशान करना शुरू किया गया। उद्योगों की बिजली के दाम में बढ़ोतरी की गई।

## विमानतल पर मुलाकात कर 80 करोड़ की योजना को मंजूरी देने की रखी मांग

# रिंग रोड एक के लिए मूणत ने गडकरी से मांगा साढ़े 10 मीटर चौड़ा सर्विस रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच रिंग रोड एक के लिए साढ़े दस मीटर चौड़ा सर्विस रोड करने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है। डिप्टी सीएम तथा पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को माना विमानतल पर एक ज्ञापन देकर सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए 80 करोड़ रुपए की योजना की मंजूरी की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि 30 वर्ष पहले बने रायपुर के रिंग रोड-1 के किनारे का बड़ा हिस्सा विगत वर्षों में कामर्शियल एरिया के रूप में डेवलप हो चुका है। इस सड़क के दोनों किनारों पर बड़े कांप्लेक्स, शादी घर, शोरूम तथा कई मार्केट तो हैं ही, दोनों ओर घनी आबादी बस चुकी है। इस आबादी का एकमात्र सहारा रिंग रोड-1 के दोनों किनारों पर बना सर्विस रोड है, जो अधिकांशतः पांच-पांच मीटर ही चौड़ा है। जिसके कारण जाम की स्थिति तो बनती ही है, हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। श्री मूणत ने बताया, इस सड़क पर अग्रसेन धाम टर्निंग, कृषि विवि टर्निंग, आर्चब्रिज टर्निंग, कटोरातालाब टर्निंग, संतोषीनगर टर्निंग, कुशालपुर टर्निंग, रायपुरा टर्निंग, भाठागांव टर्निंग और पचपेड़ीनाका टर्निंग में ट्रैफिक के हालात बुरी तरह बिगड़ चुके हैं। यहां लोगों को राहत देने के लिए अंडरब्रिज आदि बने हैं, लेकिन ट्रैफिक दबाव के समय ये नाकाफी साबित होने लगे हैं।



### सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी

श्री मूणत ने बताया, सर्विस रोड औसतन 5-5 मीटर ही चौड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों सर्विस रोड की चौड़ाई 3.5-3.5 मीटर बढ़ा जाती है, तो सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी। अगर चौड़ाई बढ़ाने के बाद दोनों ही सर्विस रोड को वन-वे कर दिया जाएगा तो ये सुविधाजनक होने के साथ-साथ आकर्षक भी लगेंगी।

Balod_Bhoomi_09_2024-03_Layout 1 11/9/2024 10:15 PM Page 1



# भिलाई इस्पात संयंत्र की मोडेक्स इकाइयों ने ढाला रिकार्ड फौलाद

## वित्तीय वर्ष में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन, बीएफ-8 ने 1.58 एमएल टन व बीआरएम का 5.68 मिलियन टन उत्पादन


हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है । सभी मॉडेक्स इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस 8, स्टील मेल्टिंग शाप 3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड राड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट–3 ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस द्वारा अप्रैल,अक्टूबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया।

संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट ब्लास्ट फर्नेस–8 ने अप्रैल से अक्टूबर अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ हाट मेटल उत्पादन 1.58 मिलियन टन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023–24 की इसी अवधि अप्रैल–अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.57 मिलियन टन को पार किया। स्टील मेल्टिंग शाप 3 ने सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 2.04 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.99 मिलियन टन से अधिक है। इसके अंतर्गत पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल–अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.32 मिलियन टन की तुलना में बिलेट्स का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.33 मिलियन टन शामिल है। बार एंड राड मिल ने भी अप्रैल से अक्टूबर अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.68 लाख टन दर्ज कर, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.64 लाख टन को पार किया।

### यूआरएम ने बनाया रिकार्ड रांग रेल

यूनिट यूनिवर्सल रेल मिल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्राइम रेल उत्पादन 4.88 लाख टन दर्ज किया। इसके तहत अब तक का सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 4.71 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल–अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.54 लाख टन से कहीं अधिक है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) से लांग रेल उत्पादन सहित संयंत्र द्वारा कुल लांग रेल उत्पादन, पिछले वित्त वर्ष 2023–24 की इसी अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.41 लाख टन की तुलना में अब तक का उच्चतम उत्पादन 5.80 लाख टन दर्ज किया गया। लांग रेल की कुल लोडिंग 5.80 लाख टन दर्ज की गई, जो कि इस अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा। आरएसएम द्वारा दर्ज लांग रेल की अब तक की उच्चतम लोडिंग 1.06 लाख टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 87,141 टन से कहीं अधिक है।



### आरएमपी -3 का 3.72 लाख टन कैल्साइंड डोलोमाइट

मॉडेक्स इकाई आरएमपी 3 ने अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के लिए लाइम और कैल्साइन्ड डोलोमाइट का 3.72 लाख टन उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के अप्रैल से अक्टूबर अवधि में दर्ज पिछला सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.93 लाख टन को पार किया। अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिष्ड स्टील उत्पादन 2.729 मिलियन टन दर्ज किया, जो कि वित्तीय वर्ष 2023–24 की इसी अवधि अप्रैल से अक्टूबर में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.728 मिलियन टन से अधिक है।

## खबर संक्षेप



### कलश स्थापना और दीपयज्ञ का आयोजन

**सेलूद**। ग्राम सेलूद में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक होने वाले 24 कुण्डली महायज्ञ, शक्ति सवंर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन के लिए प्रचार-प्रसार गांव-गांव में किया जा रहा है। पाटन क्षेत्र के 51 गांव में कलश स्थापना किया जा चुका है। सभी गांव में जाकर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ आमालोरी अशोक सिंह राजपूत, संयोजक खेमलाल साहू, सह संयोजक अजय सिंग ठाकुर, संजय यदु के द्वारा ग्राम पतोरा के रावण भांठा दुर्गा मंच पर हरीश चंद्र सोनकातर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ पतोरा के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलित कर घर-घर में कलश स्थापना की शुरुआत की गई।

### दुर्घटना की आशंका

**भिलाई** । कोहका तिराहा की मुख्य गली में स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरा पसरा हुआ है। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दोपहिया चालक किनारे नाली में गिर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने निगम से स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग की है। गली के किनारे नाली और नुकीला पत्थर हो ने से आने जाने के दौरान लोग चोटिल भी हो रहे हैं।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में जल संरक्षण पर हुई कार्यशाला

# घर के केवल एक नल का लीकेज रोककर हर महीने बचा सकते हैं 1000 लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|डौण्डीलोहारा

विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने कहा कि हम पानी बना तो नहीं सकते, लेकिन बचा अवश्य सकते हैं। इसलिए हमारे पास एक ही रास्ता है, पानी चाहिए तो उसे बचाइए। उन्होंने बताया कि घर में हम किस तरीके से पानी बचा सकते हैं। प्रधानपाठक श्री पिकेश्वर ने बताया कि लीकेज रोकें तो महीने में 1000 लीटर पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मामूली लीकेज से ही हर महीने 1000 लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। श्री पिकेश्वर ने बताया कि एक स्टडी से पता चला है कि लीकेज में एक नल से हर मिनट 45 बूंद पानी टपकता है। इस तरह तीन घंटे में एक लीटर से ज्यादा पानी बह जाता है।

- पानी बचाने के लिए बताए कई उपाय, बच्चों से कहा बड़ों को भी करें प्रेरित

**ब्रश करते समय नल बंद करने से बचेगा 700 लीटर पानी-** प्रधानपाठक श्री पिकेश्वर ने बताया कि ब्रश करते समय वाश बेसिन का नल खुला है, तो एक बार में चार से पांच लीटर पानी बह जाता है। पानी महीनेभर में 150 लीटर चार लोगों के परिवार में 600 से 700 पानी ऐसे ही बर्बाद हो जाता है।

**नल बंद कर शेविंग करें 200 लीटर पानी बचेगा-** उन्होंने बच्चों से कहा कि घर में बड़े लोग दाढ़ी बनाएं, तो उन्हें बताएं कि शेविंग करते समय नल खुला छोड़ने पर 5 से 7 लीटर बर्बाद होता है। इसके बजाय मग में पानी लेकर शेविंग से एक माह में करीब 200 लीटर पानी बचाया जा सकता है।

**शावर की जगह बाल्टी बचा सकती है 80 प्रतिशत पानी-** नहाने में शावर का इस्तेमाल न करें। एक बाल्टी पानी से नहाने लगे, तो नहाने में इस्तेमाल पानी का 80 प्रतिशत बच जायेगा। देश की आबादी का 20 प्रतिशत भी ऐसा करे, तो रोजाना 625 करोड़ लीटर पानी बचेगा।

**बर्तन धोने में रोज बचा सकते 20 लीटर पानी-** नल के नीचे बर्तन धोने के बदले बाल्टी या टब से पानी लेकर धोने से चार लोगों के परिवार में रोजाना करीब 20 से 25 लीटर पानी बच जाता है। बस आदत बदलने की जरूरत है।

**वाशिंग मशीन का पूरा इस्तेमाल कर भी पानी बचाइए-** कपड़े दो जोड़ी धोये या दस जोड़ी पानी उतना ही लगता है। इसलिए वाशिंग मशीन का उपयोग तभी करें जब बहुत सारे कपड़े धोने हों। इससे हर माह करीब 4500 लीटर पानी बच सकता है।

**टायलेट लीकेज हो तो पांच हजार लीटर की बर्बादी-** प्रधानपाठक श्री पिकेश्वर ने कहा कि अक्सर टायलेट टैंक लीकेज करता रहता है। इसे रोक लिया तो 5 हजार पानी हर महीने बच जाएगा। फ्लस के बदले बाल्टी का इस्तेमाल कर रोज करीब सौ से सवा सौ लीटर पानी बचा सकते हैं।

**बाल्टी से गाड़ी व कार धोने पर बचेगा 130 लीटर पानी-** पाइप से गाड़ी व कार धोने में एक बार में डेढ़ सौ लीटर पानी खर्च होता है। जबकि बाल्टी में पानी लेकर कार साफ करें, तो महज 20 लीटर पानी खर्च होगा। इससे हर बार करीब 130 लीटर पानी बचा सकते हैं।

### प्रधानपाठक पिकेश्वर ने कहा- हम पानी बना नहीं सकते, लेकिन बचा अवश्य सकते हैं



### आर ओ मशीन के वेस्ट पानी का भी करें उपयोग

प्रधानपाठक ने कहा कि आर ओ मशीन में एक लीटर साफ पानी के लिए 3 से 4 लीटर तक पानी वेस्ट जाता है। इस हिसाब से एक दिन में 30 से 40 लीटर पानी का इस्तेमाल पेड़ पौधों को सींचने में टायलेट और गाड़ी धोने में कर सकते हैं। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि पानी का दो ही जगह सबसे ज्यादा उपयोग होता है, किचन और बाथरूम में, इसलिए सभी बच्चे इस संदेश को घर जाकर अपने माता-पिता बताएं, और उन्हें भी पानी की बचत के लिए जागरुक करें। तभी हम और आप सब मिलकर पानी को बचा सकते हैं।

# बच्चों के लिए माता-पिता की आज्ञा सर्वोपरि है : पं. सौरभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा आरा मशीन के पास चल रहे हैं, श्री शिव महापुराण कथा में छठवें दिन भगवान श्री गणेश और कार्तिकेय के जन्म की कथा सुनाई गई। कथावाचक पंडित सौरभ शर्मा ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्री गणेश जी का प्रागट्य हुआ और कार्तिकेय महाराज जी का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि माता-पिता की आज्ञा ही सर्वोपरि है। जो उनके अनुरूप चलता है, वो कभी परास्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि मनुष्य नाना प्रकार के दुखों भोगता हुआ जा रहा है, पर दुखों का निवारण केवल महादेव के दरबार में होता है। जीवन की वास्तविकता का बोध शिव महापुराण की कथा कराती है। जीवन को किस प्रकार जीना है, ये बताती है। भष्मासुर की कथा बताते हुए कथावाचक ने कहा कि महादेव इतने सरल हैं, कि सबको वरदान दे देते हैं। जो उनके दरबार में जाता है वो कभी खाली नहीं आता। आज 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति की जाएगी। सिद्ध रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा। इस शिव महापुराण कथा में अंडा थाना प्रभारी डा भानुप्रताप साव, उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू, दिलीप यादव भी पहुंचे। वहां उन्होंने कथावाचक पंडित सौरभ शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर कमलेश चन्द्राकर,रेखा चन्द्राकर, नरेन्द्र चन्द्राकर, प्रवीण चन्द्राकर, अंजू चन्द्राकर, श्याम सुंदर सिंह, नीरज त्रिपाठी, सतरूपा, झरना, मिनाक्षी, हिमांशु चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

- ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा जारी

# छठ पर्व प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



लोक आस्था के महापर्व छठ का शुक्रवार को चौथा और अंतिम दिन रहा। बीती शाम, शीतला कल्याणी मंदिर, नेवई डैम, के तट पर श्रद्धालुओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह उगते सूर्य का अर्घ्य देकर यह महापर्व संपन्न हुआ। इसके अलावा रिसाली क्षेत्र के वीआईपी नगर तालाब, हिन्दनगर, शीलता तलाब मरोदा, मैंनोमेनट रुआबांधा के अनेक घाटों में गुरुवार और शुक्रवार को छठ पूजा पर भगवान भुवन भास्कर को प्रथम और सुबह दूसरा अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सुबह घाटों में पहुंचकर छठी मईया की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की और वहां उपस्थित जन समुदाय को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि छठ पर्व का सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं है। इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। यह पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है। अदरक, मूली, गाजर, हल्दी जैसी गुणकारी सब्जियों से अर्घ्य दिया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। साथ ही साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाता है, जो हमें विभिन्न बीमारियों से बचाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कमर तक पानी में डूबकर सूर्य की ओर देखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। आगे श्री चंद्राकर ने कहा प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ यह पर्व आंवला, मकोई, मूंगफली जैसे फलों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संदेश देता है। इतना ही नहीं, यह विटामिन डी की कमी को भी पूरा करता है। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, राकेश त्रिपाठी, अनुपम साहू, कंचन सिंग, पुरेन्द्र साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, रंजन सिन्हा, अजीत चौधरी, रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पार्षद टीकम साहू, जग्गू यादव, संतोष साव, शरद जैन, दीपक चौहान, अजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजेन्द्र रजक, काजू यादव, जगदीश सिंह, पवन जैन, मोती बुंदेला आदि उपस्थित थे।

### उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य समर्पित कर छठ महापर्व का किया समापन

**कुम्हारी**। कुम्हारी में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। बड़े तालाब में बने छठ घाटों पर सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, भक्तिमय माहौल में उषा ने नया रूप लिया। व्रतियों ने निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी मैया की आराधना की। व्रतियों ने ढोल - नगाड़े और पटाखों के शोर के साथ छठ पर्व उत्साह पूर्वक मनाया इसके पहले घाटों को दीप व फूलों से सजाया गया। महिलाओं ने ठेकुआ, पूड़ी और अन्य प्रसाद बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

# कुर्मी समाज के राजप्रधान ने चलाई अनोखी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



जया खुटियारे के पढ़ाई में अब कठिनाई नही आएगी। युगल किशोर आडिल राजप्रधान मनुवा कुर्मी समाज के राजप्रधान और राजेंद्र बघेल ने एक अनोखा मुहिम चलाया है। दोनों के द्वारा किया गया एक मानवता के कार्य को जनता नही भूल पाएगी। युगल किशोर आडिल ने बताया कि पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत तरीघाट की रहने वाली जया खुटियारे की पढ़ाई में आ रही थी कठिनाई जया खुटियारे बचपन से ही अपने दोनों पैरों से विकलांग है वे बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में माहिर है लेकिन जया की आगे की पढ़ाई में मुश्किलें आ रही थी। वहीं राजप्रधान युगल किशोर आडिल और राजेंद्र बघेल ने बताया कि जया खुटियारे गरीब परिवार से आते हैं इनकी गरीबी को देखा नही गया और लोगो से एक छोटी सी चंदा एकत्र कर जया के लिए 42000 रु जनता से एकत्र कर और सर्व समाज ने इनकी मदद किया जिसमें विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा अपने स्वेच्छा से अपनी राशि दान के रूप में दिए और जया को ट्राई सायकिल भेंट किया।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए पुकेश

**अंडा**। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस विधानसभा पर्यवेक्षक के रूप में वर्तमान में अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस के पुकेश चंद्राकर को प्रदेश प्रभारी प्रकाश घाले राष्ट्रीय संयुक्त ने नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन मंत्री केसी वेणुगोपाल व महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी प्रकाश घाले, राष्ट्रीय समन्वक राजकुमार यादव,शमीम आलम राष्ट्रीय संयोजक,सुरेंद्र रघुवंशी, सकीना पटेल ने पुकेश चंद्राकर को जिम्मेदारी सौंपी है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष अविशेक मिश्रा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित क्षेत्र के नेताओं ने चंद्राकर को बधाई दी है।



**महाराष्ट्र में सशक्त सरकार बनाएंगे-** नियुक्ति के बाद पुकेश चंद्राकर ने कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में विधानसभा उमरेड (एससी) सहित सभी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने का प्रमुख लक्ष्य है। हम सभी विधानसभा सीटों पर भारी बहुमत के साथ विजय होंगे। चंद्राकर ने दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुमत के साथ जीतकर एक मजबूत सरकार बनाएगी। वे बत जल्द विधानसभा का दौरा कर मैदानी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
● स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस ● Back Pain, सायटिका ● जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
● जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना ● टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी ● सर दर्द, पॅरालिसीस ● स्पांडिलाइटिस ● गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सूखत प्रावधान करने की मांग

**अंडा।** एसीएस ऋचा शर्मा को समिति में सूखत प्रावधान करने की मांग को लेकर संभाग दुर्ग व प्रदेश पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान गिरधर सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष, जागेश्वर साहू, आरिफ खान प्रदेश उपाध्यक्ष, भाई लाल देवांगन संगठन मंत्री, जगमोहित साहू जिला अध्यक्ष बेमेतरा, गजेंद्र देशमुख जिला अध्यक्ष बालोद, हुकुम साहू कार्यकारी सदस्य आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### झलमला निवासी प्रतिभा बनीं सब इंस्पेक्टर

**बालोद।** ग्राम झलमला निवासी प्रतिभा पटेल पिता जीवन पटेल का सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। उनके इस पद पर चयन होने पर ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। बता दें कि प्रतिभा पटेल किसान की बेटी है तथा वह ग्राम में ही रहकर इस पद के लिए तैयारी करती रही। उनकी इस सफलता पर ग्राम पटेल मनोहर पटेल, सरपंच गिरधर पटेल, माधव पटेल, शत्रुघ्न पटेल, धर्मेंद्र पटेल, प्रभु पटेल तथा ग्रामीणो ने हर्ष व्यक्त किया है।



### अमलेश्वर नगरपालिका बनने से चार गांव प्रभावित

**दुर्ग।** अमलेश्वर को नगरपालिका बनाए जाने के बाद पाटन जनपद की सीमा प्रभावितो हो रही हैं। आगामी दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले जिला पंचायत द्वारा इसके लिए दावा आपत्ति भी मंगाए गए हैं। जिसमें इन गांव को छोडकर अन्य गांव के लिए आठ दावा आपत्ति भी आए हैं। उल्लेखनीय हैं कि, पूर्व सरकार द्वारा अमलेश्वर को नगरपालिका का दर्जा दिया गया हैं। नगरपालिका सीमा में पाटन जनपद का अमलेश्वर, बोथली, मगरघटा और खुरमुढा गांव आ रहे हैं। जानकारी अनुसार पाटन ब्लाक में 142 गांव है, जिसमें 108 पंचायत शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि, इसके लिए तीस अक्टूबर से आठ नवंबर तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे। जिसमें इन गांव को छोडकर ग्राम पंचायत द्वारा भनसुली क्षेत्र को यथावत रखने की मांग आई हैं। वहीं राजेश ठाकुर अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामगांवआर द्वारा क्षेत्र 11-12 को यथावत रखने व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू द्वारा भी दोनो क्षेत्र को यथावथ रखने की पेशकश की हैं। वही ग्राम पंचायत केसरा को यथावत और सावनी ग्राम पंचायत को क्षेत्र क्रमांक दस में शामिल करने की मांग की गई हैं। मोरध्वज साहू सभापति द्वारा ग्राम सावनी को क्षेत्र क्रमांक दस में शामिल करने, महेन्द्र वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस पाटन द्वारा वही मांग की गई हैं।

### निर्माण कार्य के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में सीसी रोड एवं डोम शेड निर्माण के लिए 53 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधानसभा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन विकासखण्ड धमधा में क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा एवं विकासखण्ड दुर्ग में क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत अछोटी एवं ग्राम पंचायत पिटौरा में सीसी रोड निर्माण हेतु 10-10 लाख, ग्राम पंचायत चिखली में डोम शेड निर्माण हेतु 20 लाख रूपए, ग्राम पंचायत रवेलीडीह में शीतला मंदिर के पास डोम शेड हेतु 3 लाख एवं ग्राम पंचायत सिरसाखुर्द में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## अभियान : जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा अभी 5 दिन और जी-जान से जुट जाएं कार्यकर्ता

# भाजपा ने बनाए 9 हजार से ज्यादा सदस्य : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर व मंडल चुनाव के परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की कार्यशाला जुंगेरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आहूत की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। मंडल के संगठन चुनाव कार्यशाला की बैठक जिला अध्यक्ष पवन साहू, नेता यशवंत जैन व जिला के महामंत्री, जिला सदस्यता अभियान के संयोजक, जिला संगठन चुनाव सह प्रभारी राकेश छोटू यादव, जिला सदस्यता अभियान के सदस्य व पार्षद कमलेश सोनी एवं शहर मंडल सदस्यता अभियान के संयोजक अमित चोपड़ा उपस्थित थे।

■ आगामी संगठन चुनाव को लेकर जिला कार्यालय में हुई भाजपा की बैठक

जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि हम शहर में ऑनलाइन 6000 व ऑफलाइन 3000 से भी ज्यादा सदस्य बना चुके हैं। हम सब अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और नए सदस्यों को सक्रिय बनाने के लिए हर वर्ग से जाकर लोगों से मिलें। अभी आप लोगों के पास 5 दिन का समय है, इस कार्य को पूरा करें और ज्यादा से ज्यादा इस अभियान से लोगों को जोड़ने का काम करें।

**प्रत्येक बूथ समिति में अनिवार्य रूप से होंगी 3 महिलाएं-** मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर ने कहा कि आने वाले नगरी निकाय चुनाव में हम सब मिलकर काम करेंगे। पार्षद कमलेश सोनी ने कहा कि बूथ समिति में आप सभी को 25 सदस्य बनाने हैं, उन 25 सदस्यों में कम से कम तीन महिलाएं होनी चाहिए। सामाजिक संरचना के आधार पर उचित सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा।

**हर बूथ समिति में होंगे ये पदाधिकारी-** बूथ समितियों में अध्यक्ष, सचिव, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, स्वच्छता प्रमुख, की-वोटर प्रमुख, मोटरसाइकिल प्रमुख, 6 कार्यक्रम प्रमुख, सामाजिक प्रमुख, दीप कमल प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, व्हाट्सएप प्रमुख, मन की बात प्रमुख, पन्ना प्रमुख, इन सभी को प्रमुख रूप से मनोनीत करना है। शेष 10 बूथ समिति के सदस्य होंगे। आने वाले समय में 11 से 30 नवंबर के बीच बूथ अध्यक्ष का चुनाव, बूथ समिति का गठन होगा।

**सक्रिय सदस्यों की संख्या 150 तक पहुंचाने का लक्ष्य-** अमित चोपड़ा ने कहा कि अभी तक 138 सक्रिय सदस्य की सूची तैयार है। आने वाले 5 दिनों में हम सब मिलकर कम कम से कम 500 सदस्य और बनाने व सक्रिय सदस्य की संख्या 150 तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में शहर मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पार्टी के लिए मिलकर करना है काम : यशवंत

यशवंत जैन ने कहा कि हमें शहर में हर वर्ग के लोगों को जोड़ना है। आप लोग बहुत मेहनत कर रहे हैं। हमें आने वाले समय के लिए नई टीम बनानी है। हर बूथ में, शक्ति केंद्र में महिलाओं और युवा वर्ग को विशेष कर भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है, पार्टी की रीति नीति से अवगत कराना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए कई योजनाएं लेकर आए हैं, जिनका सीधा लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। आने वाला समय चुनाव के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। हम सब मिलकर पार्टी के लिए काम करेंगे। राकेश छोटू यादव ने कहा कि मंडल संगठन पर्व कार्यशालाएं 15 नवंबर से पहले पूरी करनी है। मंडल संगठन पर्व सहयोगी को प्रत्येक शक्ति केंद्र के लिए क्षेत्र से बाहर एक प्रभारी शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी व स्थानीय शक्ति केंद्र से शक्ति केंद्र संगठन पर्व सह–सहयोगी के रूप में नियुक्त करना होगा।

### मंडल चुनाव व बूथ समिति गठन के लिए हुई संगठन चुनाव कार्यशाला

बालोद। ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद द्वारा संगठन चुनाव की घोषणा होते ही मंडल चुनाव एवं बूथ समिति के गठन के लिए संगठन चुनाव कार्यशाला बैठक हुआ। इस बैठक में जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, जिला महामंत्री एवं निर्वाचन सह अधिकारी राकेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष एवं मंडल चुनाव प्रभारी दिलीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण प्रेम साहू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संगठन पर्व चुनाव के लिए कार्यशाला में प्रभारी एवं प्रमुख वक्ता ने बताया कि आगामी दिन हम सब के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है क्योंकि हम जिसके बल पर पूरे देश में राज करते है, ऐसे प्रत्येक बूथ के अध्यक्ष का चुनाव करना है। वही बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ पर पूरे योजनाओं को क्रियान्वित करने तथा अन्य दलों के साथ लड़कर बूथ को जिताने के लिए हमेशा तत्परता के साथ काम करने वाले बूथ अध्यक्ष का चुनाव कार्य को संपन्न करना है। वहीं, जिलाध्यक्ष पवन साहू ने संगठन का चुनाव को पूरी जिम्मेदारी के साथ समय पर पूरा करने का आग्रह किया, उन्होने कहा यह महत्वपूर्ण समय है देश के साथ जुड़ने के लिए। साथ ही आगामी दिनों में शक्तिकेन्द्र के स्तर पर संगठन कार्यशाला भी संपन्न करना है।



इस बैठक में प्रमुख रूप से कार्यलय प्रभारी एवं सह चुनाव प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, चमन साहू, छगन देशमुख, धरम साहू, पालक ठाकुर, जगदीश देशमुख, मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू, बिरेन्द्र साहू, देवधर साहू, मनोहर सिन्हा, अशवन बारले, सतानन्द साहू, विनोदगिरी, संदीप साहू, पूनम साहू, सोनसाय लेंडिया, अरुण साहू, बालसिंग एवं नियुक्त मण्डल एवं शक्तिकेंद्र के चुनाव अधिकारी, सहयोगी के साथ वर्तमान बूथ का अध्यक्ष बैठक में उपस्थित थे।

# दूसरों से जैसा बर्ताव हम करते हैं, वैसा ही वह लौटकर हमारे पास आता है : संत ऋषभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

करुणा एक मानवीय गुण है, जो मनुष्य को सभी प्राणियों से अलग एक श्रेष्ठता प्रदान करता है। जिस आत्मा में करुणा है, वह अन्य मानवीय गुणों से युक्त होता है, जिसमें करुणा नहीं वह किसी भी मानवीय ढांचे में ढलने योग्य नहीं।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने अपने संबोधन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि करुणा के गुण के कारण व्यक्ति में उदारता और संवेदनशीलता के भाव आते हैं।



करुणा न हो तो संवेदना समाप्त होने लगती है तथा क्रूरता बढ़ने लगती है, आज के दौर में इसकी अधिकता देखी जा रही है। हम भौतिक वस्तुओं के साथ तो जीना सीख लिए, लेकिन प्राणी जगत के साथ जीना नहीं सीख पाए। दूसरों के साथ जैसा बर्ताव हम करते हैं वैसा ही वो लौट के हमारे पास आता है, इसलिए यदि हम चाहते कि सभी का व्यवहार हमारे साथ अच्छा हो तो हमें अपने व्यवहार पर भी ध्यान देना होगा। हमारी भावधारा किसी न किसी रूप में सामने वाले को प्रभावित करती है, इसलिए सभी के प्रति अच्छे भाव लाएं। मानवीय गुणों के विकास से ही जीवन में सुख, शांति और समृद्धि को प्राप्त किया जा सकता है। संत श्री का रविवार को 10.30 बजे बालोद जेल में संबोधन होगा।

# झींका में मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम झींका में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम महिलाओं ने गलियों का भ्रमण किया। कार्तिक मास की सप्तमी तिथि को भगवान सहस्त्रबाहु की जयन्ती मनाई जाती है।

इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु का मूल नाम कार्तवीर्य अर्जुन था। वे बहुत बहादुर थे, उन्होंने अपने गुरु दत्तात्रेय को प्रसन्न किया और वरदान के रूप में उनसे एक हजार



भुजाएं प्राप्त की थीं। हजार भुजा के कारण कार्तवीर्य अर्जुन को सहस्त्रबाहु के नाम से भी जाना जाता है। महाराज कार्तवीर्य अर्जुन का जन्म कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को श्रवण नक्षत्र में प्रातः काल में हुआ था और इसी कारण इस जयन्ती को हर साल छठ के अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। वक्ताओं ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए समाज को एकता के सूत्र बांधकर कर रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिंताराम सिन्हा थे, अध्यक्षता मुन्ना लाल सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि रोहित कुमार सिन्हा और मंच संचालन जय सिन्हा ने किया।

# एकलव्य महाविद्यालय में हुई भाषण प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में तृतीय राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद एनईवाईपी 2025 के अंतर्गत शनिवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक नंदकिशोर सिन्हा, सहसंयोजक कुलेश्वर पटेल, मयंक कुमार मंडावी सहायक प्राध्यापक, प्रदीप कुमार खरे सहायक प्राध्यापक, देवानंद वर्मा अतिथि व्याख्याता, इलेश चन्द्राकर अतिथि व्याख्याता, पंकज सुधाकर अतिथि व्याख्याता, हलेश कुमार लिल्हारे अतिथि व्याख्याता, टेकराम नेताम अतिथि व्याख्याता एवं समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू ने किया।

# कलंगपुर में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम कलंगपुर में स्थानीय सिन्हा सामाज के लोगों ने बस स्टैंड स्थित अपने सामाजिक भवन सामाज के ईष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्वजातीय महिला पुरुष व समाज के सभी पदाधिकारी भवन में एकत्र होकर अपने समाज एवं ईष्ट देव के जयकारे के घोष के साथ सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव के तैलचित्र पर पुष्प मालाओं व गुलाल लगाकर साथ ही ईष्ट देव की मंगल आरती गाकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाज के बच्चों ने पटाखा फोड़कर अपने सामाज के ईष्ट देव की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई। साथ ही पूजा अर्चना के बाद वहां पर सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा उद्बोधन में समाज के ईष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की जीवनी पर प्रकाश डाला।



# शैलदेवी महाविद्यालय में मनाया गया विश्व विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में शनिवार को विज्ञान संकाय द्वारा विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय के उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम में डॉ. बरना पाल, सहायक प्राध्यापक, महिला महाविद्यालय सेक्टर 09, भिलाई, मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में भौतिक रसायन के अंतर्गत क्वांटम रसायन पर विशेष व्याख्यान दिया। साथ ही विद्यार्थियों को बेसिक रसायन तथा रिसर्च के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के समस्त प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।





सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने एकलव्य महाविद्यालय की प्राचार्य से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा की प्राचार्य डॉ रोशन आरा से मुलाकात की। उन्हें पौधा भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। बहुत वर्ष बाद शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में पूर्ण दायित्व के साथ नए प्राचार्य के स्वागत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने महाविद्यालय परिसर के बाहर पटाखे फोड़े। सत्र के पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और महाविद्यालय के छात्रों द्वारा महाविद्यालय में रेगुलर प्राचार्य के लिए कुल सचिव के नाम से तथा शिक्षा मंत्री के नाम से मांग पत्र प्रस्तुत किया था। महाविद्यालय में नए प्राचार्य के आने से बच्चों तथा स्टाफ में प्रसन्नता व्याप्त है। प्राचार्य डॉ रोशन आरा द्वारा एबीवीपी के छात्रों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को आशीर्वाद देते हुए पढ़ाई के साथ साथ कैरियर के लिए गाइड किया। डॉ रोशन आरा शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय जामगांव आर में इतिहास विभाग में सहायक अध्यापिका के पद पर पदस्थ थीं। हाल ही में पदोन्नत होकर शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में पूर्ण प्राचार्य के रूप में पद ग्रहण किया। इस अवसर पर एबीवीपी की जिला संयोजिका मनीषा राणा, पूर्व महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मंडल धनेश साहू, अभाविप नगर मंत्री दीपेश साहू, कार्यालय मंत्री भरत कुमार यादव व सुमन, प्रीति, विद्याभारती, ट्विंकल देवांगन, पूजा, वंदना, याचना उपस्थित रहे।



